भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4449
जिसका उत्तर मंगलवार 08 जनवरी, 2019 को दिया जाना है

सेवानिवृत्ति संबंधी बकाया राशि का भुगतान न करना

4449. श्री श्यामा चरण गुप्त:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के अधीन इलाहाबाद स्थित भारत पंप एवं कंप्रेसर लिमिटेड के प्रबंधन ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सितंबर, 2016 से उपदान, अर्जित अवकाश के नकदीकरण आदि मूल सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान नहीं किया है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त बकाए का भुगतान करने के लिए सरकार द्वारा कब तक निधि प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपदान और अर्जित अवकाश नकदीकरण जैसे सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान करना संबंधित सीपीएसई की जिम्मेदारी है। कंपनी की वित्तीय स्थिति पर निर्भर करते हुए कभी-कभी सीपीएसई ने इन बकाया के भुगतान करने में देरी की है।

सक्षम प्राधिकारी के प्रमाणन के साथ प्रत्येक मामले की जाँच करने के बाद सेवानिवृत्ति संबंधी बकाया के भुगतान के लिए सरकार ऋण के रूप में सीपीएसईज की वित्तीय सहायता करती है।

*****